newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - २९ | ७ से १३ अगस्त २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## यौन हिंसा की बढ़ती घटनाएं

राजस्थान के भीलवाड़ा में एक बच्ची की हत्या की घटना ने यही साबित किया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और ऐसा लगता है कि अपराधियों के भीतर प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। खबरों के मुताबिक, कोटड़ी इलाके के नरसिंहपुरा गांव में बकरी चराने खेतों की ओर गई बच्ची जब देर तक घर नहीं लौटी तब उसके परिवार के लोगों ने ढूंढ़ना शुरू किया। खेतों में लकड़ी जला कर कोयला बनाने वाली एक भट्टी में कुछ अवशेष मिलने और उसकी पहचान के बाद यह पता चल सका कि बच्ची की हत्या करके उसे जला दिया गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका बलात्कार की भी जताई है। जब मामले ने तूल पकड़ लिया, तब पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया। लेकिन आखिर क्या कारण है कि राजस्थान में पिछले कुछ समय से बलात्कार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और सरकार के लिए उन पर रोक लगाना मानो मुश्किल हो गया है। सरकार और पुलिस के कामकाज का वह कौन-सा तरीका है कि आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कोई खौफ नहीं रह गया लगता है। राजस्थान पुलिस की हाल की एक रपट कहती है कि दस साल से कम आयु की बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं में करीब तीन फीसद का इजाफा हुआ है। वहीं छोटी बच्चियों से सामूहिक बलात्कार की वारदात में भी इस साल १३.६४ फीसद की बढ़ोतरी हुई है। यानी खुद पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में मासूम बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा और दरिंदगी की घटनाएं बढ़ी हैं। बलात्कार के ज्यादातर मामलों में मुख्य आरोपी पीड़ित के परिचित ही होते हैं। लेकिन इन घटनाओं पर पुलिस को जहां सक्रिय होकर अपराधियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए वहां शासन-प्रशासन के भीतर एक विचित्र चुप्पी छाई दिखती है। क्या यही रवैया एक मुख्य कारण नहीं है जिसकी वजह से आपराधिक तत्त्वों को अपनी मनमानी करने को लेकर बेखौफ बनाता है? फिर देश के दूसरे इलाकों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर आक्रामक रहने वाली पार्टियों को क्या राजस्थान में भी बढ़ते अपराधों और खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामलों को लेकर संवेदनशील और ठोस रुख नहीं अपनाना चाहिए? दरअसल, यौन हिंसा की बढ़ती घटनाएं जहां कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की नाकामी का नतीजा हैं, वहीं एक सवाल यह भी है कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के मामले बिगड़ती तस्वीर को लेकर कानूनी सख्ती के साथ-साथ क्या इससे जुड़ी अन्य जटिलताओं पर विचार किया जाता है? कुछ लोगों के भीतर ऐसी कुंठा और मानसिक विकृति पलती रहती है, जिसका शिकार होकर वे मासूमों तक की हत्या या उनके खिलाफ यौन हिंसा करने से नहीं हिचकते। पेशेवर अपराधियों से निपटना पुलिस की कामकाज की शैली और ईमानदार इच्छाशक्ति पर निर्भर है। इसके समांतर बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में भी अगर वैसे लोग भी शामिल पाए जाने लगे हैं, जो आदतन अपराधी नहीं हैं,

# प्रताप सरनाईक की संस्था सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट को अवैध रुप से भूखंड आवंटित किया

**जेकेएस संवाददाता**

ठाणे : ईडी की कार्रवाई झेल चुके शिंदे गुट के विधायक प्रताप सरनाईक की संस्था को अवैध रूप से शैक्षणिक भूखंड सौंपने का खुलासा हुआ है। दरअसल, ठाणे शहर में विकास योजना के अंतर्गत आरक्षित भूखंडों को शैक्षणिक नीति के तहत निजी संस्थानों को देने का निर्णय लिया गया था। लेकिन मनपा प्रशासन ने मनपा के ट्रस्टी पार्षदों की संस्थाओं को अवैध रूप से भूखंड आवंटित किया है। ऐसे में ठाणे मनपा में एक और बड़ा घोटाला किए जाने की चर्चा होने लगी है। बता दें कि वर्ष २०१४ की महासभा में शैक्षणिक भूखंड निजी संस्थाओं को देकर शैक्षणिक संस्थाए शुरू करने का निर्णय लिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट-कासरवडवली के अध्यक्ष विधायक प्रताप सरनाईक हैं और उनकी पत्नी परीशा सरनाईक इस संस्था की नगरसेविका और ट्रस्टी हैं। यह भूखंड २०१७ में अवैध रूप से उनकी संस्था को आवंटित किया गया है। इसी तरह से कई नगरसेवकों की संस्थाओं को शैक्षणिक भूखंड आवंटित किए गए हैं। इस मामले की गहनता से जांच की जाए तो शैक्षणिक भूखंड आवंटन में हुए बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि भूखंड आवंटन के आठ साल बाद भी ये शिक्षा संस्थान अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। इससे



छात्रों की शैक्षणिक क्षति के साथ-साथ मनपा प्रशासन को करोड़ों का नुकसान हुआ है। ऐसे में आरक्षित भूखंड के इस श्रीखंड को चुराने की योजना किसकी है, यह सवाल उठने लगा है। सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनपा प्रशासन को पाचपाखड़ी क्षेत्र में ३,३०० वर्ग मीटर का प्लॉट देने का अनुरोध किया था। फिर इस संस्था को कासरवडवली में ५,६८४ वर्ग मीटर का प्लॉट देने का निर्णय मनपा ने लिया। इन भूखंडों को स्थानीय शिक्षा संस्थानों को ५० से ५५ प्रतिशत और अन्य संस्थानों को ३६ से ५० प्रतिशत की रियायती दरों पर देने की मनपा की नीति है। नेताओं की मिलीभगत से इसका उल्लंघन करते हुए पाचपाखड़ी में प्लॉट सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट को दे दिया गया। हालांकि, इस जगह पर अतिक्रमण के चलते प्रशासन ने कासरवडवली में पुन: प्लॉट दे दिया था। प्रशासन ने नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर यह विवादित प्रस्ताव आगे बढ़ाया था। स्थानीय निजी संस्थाओं जैसे युवा कल्याण समिति, एमईएससीओ, शारदा, एक्सेलसियर एजुकेशन सोसाइटी के साथ-साथ जगदाले फाउंडेशन (पूर्व में गणेश सेवा ट्रस्ट), सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट, गोपालराव पाटील और आनंदी लाल और गणेश पोद्दार जैसे गैर-स्थानीय संस्थाओं को भूखंड वितरण किया गया है। चूंकि इनमें से अधिकांश संस्थाएं तत्कालीन नगरसेवकों की हैं, इसलिए यह सवाल उठता है कि मनपा के ट्रस्टी नगरसेवकों की संस्थाओं को शैक्षणिक भूखंड कैसे आवंटित किए गए?

## व्यास और मेहता की गुटबाजी भाजपा को पड़ सकती है भारी

**भायंदर:** मीरा-भायंदर बीजेपी में विगत २-३ वर्षों से चल रही गुटबाजी आज भी कायम नजर आ रही है. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यहां की अंदरूनी गुटबाजी को खत्म करने के लिए नए जिलाध्यक्ष के रूप में किशोर शर्मा की नियुक्ति की उससे पहले निवर्तमान जिलाध्यक्ष एड. रवि व्यास को १४५ मीरा भायंदर विधानसभा क्षेत्र प्रमुख पद की जिम्मेदारी देकर उन्हें भी निराश नहीं किया. नए जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा का पूरे जोश और उत्साह के साथ पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता और रवि व्यास सहित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत और सम्मान किया. भायंदर पश्चिम के बीजेपी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शर्मा की उपस्थिति में मेहता और व्यास ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह भी मीठा किया, लेकिन पार्टी



में आज भी चल रही गुटबाजी को देखते हुए ऐसा कहा जा रहा है कि लड्डू की मिठास से भी दोनों के दिलों की खटास' अभी नहीं मिटी है. मेहता और व्यास समर्थक अपने होर्डिंग, बैनर पर एक-दूसरे का फोटो प्रयोग करने से परहेज करते दिखाई दे रहे हैं. मेहता के कार्यक्रमों के बैनर से व्यास के फोटो गायब तो व्यास के कार्यक्रमों के बैनर से मेहता के फोटो गायब नजर आते हैं. जिलाध्यक्ष शर्मा ने अभी तक व्यास द्वारा खडा किए गए संगठन या पदाधिकारियों की एक भी बैठक नहीं ली. शर्मा के स्वागत के बाद मेहता एक दिन भी भायंदर पश्चिम के बीजेपी जिला कार्यालय में नहीं देखे गए. पार्टी और संगठन के कार्यों में मेहता और व्यास के बीच समन्वय न होने के आरोप भी कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लगाए हैं. इन सब बातों से स्थानीय बीजेपी में अंदरूनी गुटबाजी कायम है. की पुष्ठि भी होती है.

## आतंकियों की सहायता करनेवाले को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई आइसिस मॉड्यूल मामले में एनआईए और एटीएस ने भिवंडी के पडघा में छापेमारी कर आकिब नाचन को हिरासत में लिया है। सूत्रों की मानें तो आकिब आइसिस का कैशियर है, जो आतंकियों की आर्थिक मदद करता था। फिलहाल, आकिब नाचन से पूछताछ की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से एनआईए को महाराष्ट्र में आइसिस मॉड्यूल के सक्रिय होने की खबर मिल रही थी। पिछले दिनों पकड़े गए आतंकियों से मिली खुफिया जानकारी के बाद एनआईए की दो टीमों द्वारा भिवंडी के पडघा और एक अन्य जगह पर छापेमारी की गई। भिवंडी के पडघा से गिरफ्तार किए गए जुल्फिकार अली बड़ौदावाला और जुबेर खान पडघा में किराए पर रह रहे थे।




एनआईए का दावा है कि आकिब ने दोनों को वित्तीय सहायता प्रदान की थी, इसलिए एनआईए ने आकिब नाचन के घर पर छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया है। आकिब नाचन को २०२२ में गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार किया था। वह आइसिस के सहयोगी संगठनों में से एक अलसूफा से जुड़ा था। फिर उसे २०२३ में रिहा कर दिया गया। इसके बाद उसने जुल्फिकार अली बड़ौदावाला और जुबेर खान को एक फ्लैट किराए पर दिया और उनकी आर्थिक मदद भी करता रहा। २०२२ में गुजरात एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए जाने से पहले उसने एक आलीशान बंगला बनाया था, इस बंगले के लिए उसे पैसे कहां से मिले, इसकी जांच अब एनआईए कर रही है।

## मनपा ने मांगी सरकार से इलेक्ट्रिक बसों के लिए राशी

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** मीरा – भायंदर महानगरपालिका को ५७ इलेक्ट्रिक बसें और उनके लिए बस डिपो बनाने हेतु पर्याप्त निधी का अभाव है। मनपा की परिवहन सेवा में शामिल होने वाली इन बसों के लिए नए डिपो की आवश्यकता है। इसके लिए मनपा आयुक्त व प्रशासक दिलीप ढोले ने राज्य सरकार से ७५ करोड़ रुपए की निधी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा है। बता दें कि मीरा भायंदर परिवहन सेवा (एमबीएमटी) के माध्यम से ७४ बसों में से ७० बसें प्रतिदिन नागरिकों की सेवा में उपलब्ध हैं। जिसमे ८० हजार से अधिक लोग प्रतिदिन प्रवास करते हैं। शहर में दिनोदिन बस यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से ५७ नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदने का निर्णय लिया गया है। इसमें ९ मीटर लंबाई वाली कुल ३२ नॉन-एसी बसें और १२ मीटर लंबाई वाली कुल २५ बसें अगले कुछ दिनों में परिवहन सेवा में शामिल हो जाएंगी। १२ मीटर लंबाई की २५ बसों में से १० बसें एसी (वातानुकूलित) होंगी। जबकि १५ बसें नॉन एसी होंगी। वर्तमान में मनपा के परिवहन विभाग ने घोड़बंदर में ट्रक टर्मिनल के आरक्षण पर बस डिपो का निर्माण किया हैं। जहां पर एमबीएमटी की बसें खडी की जाती है। ५७ इलेक्ट्रिक बसें एमबीएमटी में शामिल होने के बाद बसों की कुल संख्या १३१ हो जाएंगी। जिसके लिए इस डिपो में बसों को खडी करने के लिए जगह काम पड़ेंगी। जबकि शहर के विकास और यहां की बढ़ती आबादी को देखते हुए मनपा के परिवहन सेवा में करीब ३५० बसों की आवश्यकता पड़ेगी। जिससे शहर को कम से कम ४ बस डिपो और बस टर्मिनल की आवश्यकता है। जिसके लिए जगह की खोज की जा रही है। भायंदर पश्चिम में रेलवे स्टेशन के ठीक सामने बस डिपो के लिए भूखंड आरक्षित की गई है, लेकिन उक्त भूखंड महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल के अधीन है और इसका कुछ हिस्सा सीआरजेड से बाधित है। वहीं मंत्रालय स्तर पर कई बैठकें होने के बाद भी यह भूखंड अभी तक मनपा को हस्तांतरित नहीं की गई है। मीरा भायंदर शहर की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। बढ़ती जनसंख्या को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कर देने के लिए परिवहन विभाग मजबूत करना आवश्यक है। साथ ही पर्यावरण के संरक्षण के लिए ही ई – बस खरीदी जा रही है। इन बसों के लिए नए डिपो की जरूरत है । इसके लिए भूखंड की तलाश भी की जा रही है। उसके लिए निधि उपलब्ध कर देने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है ।

## भायंदर का राशन कार्यालय दलालों का अड्डा

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : शिवसेना (शिंदे) विधायक प्रताप सरनाईक ने सोमवार को भायंदर के राशनिंग कार्यालय का औचक दौरा किया तथा अधिकारियों को उनके कार्यभार में सुधार लाने नहीं तो घर जाने की चेतावनी दी। सरनाईक ने कहा कि भायंदर का राशन कार्यालय दलालों का अड्डा बन गया है। बिना दलालों के यहां कोई कार्य नहीं होता है। उन्होंने राशनिंग अधिकारी को निर्देश दिया कि अब प्रत्येक नागरिक को बिना दलाल के राशन कार्ड मिलना चाहिए। भायंदर के राशन कार्यालय के संबंध में सरनाईक को कई शिकायतें प्राप्त हुई थी । राशन कार्ड में से नाम कम करने या नया नाम जोड़ने, नया राशन कार्ड बनाने संबंधी कार्य बिना दलाल के नहीं होते। वहीं ५ से १० हजार रुपए लेकर दलाल राशन कार्ड बना कर दे देता है। सरनाईक ने राशन कार्यालय क्रमांक ४१ एफ में पहुंचकर सहायक राशनिंग अधिकारी शैलेंद्र मायावंशी से इस संबंध में जवाब तलब किया। भायंदर राशनिंग कार्यालय में २० कर्मचारी कार्यरत है। जो कि सभी दलालों पर निर्भर हैं। दो-तीन लोग डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में यहां कार्यरत है। जिससे दलाल लोग अपना कार्य करवाते हैं । शहर में करीब ८० हजार केसरी ,करीब ५० हजार सफेद और १३०० पीले राशन कार्ड धारक है। शहर के विकास के साथ जनसंख्या वृद्धि की वजह से



प्रतिदिन नए राशन कार्ड बनवाने या राशन कार्ड में सुधार करवाने के लिए लोग यहां आते हैं। सरनाईक ने इस कार्य में पारदर्शिता लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। सरनाईक ने मीरा भायंदर शहर के राशनिंग कार्यालय में मनमानी कामकाज और उससे नागरिकों को होने वाली तकलीफ के संबंध में खाद्य आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल का ध्यान एक निवेदन के माध्यम से केंद्रित कराया है। सोमवार को कार्यालयीन कार्य से हमारी ५ लोगों की टीम उल्लासनगर गई हुई थी। विधायक सरनाईक के दौरे के संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं थी। दलालों से होने वाली परेशानी की लिखित शिकायत हमने खुद पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, विधायक प्रताप सरनाईक और गीता जैन से की थी। सरनाईक के अचानक दौरे से कर्मचारी घबरा कर जवाब नहीं दे पाए.

## बारिश की मार से दुर्घटनाग्रस्त परिवारों को मिली सहायता

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर स्टेशन के बाहर इमारत का हिस्सा गिरने से २० जुलाई को एक व्यक्ति की मौत और चार घायल हुए थे। वहीं १४ जुलाई को मूसलाधार बारिश के कारण उत्तन में घर का स्लैब गिरने से एक महिला मर गई थी। दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों के परिवारों को सरकारी सहायता देने की मांग लगातार हो रही थी। बता दें कि जुलाई महीने में हुई भारी बारिश के कारण प्रदेश में कई स्थानों पर दुर्घटनाएं हुईं और बडी मात्रा में आर्थिक और जनहानि हुई थी। मीरा-भायंदर शहर में १४ जुलाई को उत्तन के मौजे पाली में भारी बारिश के कारण सुनीता डेनिस बोर्गिस की दुखद मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा २० जुलाई को भायंदर-पूर्व स्टेशन के सामने नवकीर्ति नामक इमारत का एक हिस्सा ढह गया और उस दुर्घटना में दुर्गा अवधेश राम की दुखद मौत हो गई थी। महाराष्ट्र सरकार की ओर से दोनों मृतक व्यक्तियों के परिवारों को ४-४ लाख रुपए की वित्तीय सहायता की घोषणा की गई थी। स्थानीय विधायक गीता जैन लगातार संबंधित विभाग के साथ मामले की पैरवी कर रही थीं, ताकि मृतक व्यक्तियों के परिवारों को जल्द से जल्द सरकारी



सहायता मिल सके। आखिरकार शनिवार ५ अगस्त को सरकारी सब्सिडी का चेक मृतक के परिवार को दिया गया। साथ ही दोनों परिवारों को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी भी तरह की जरूरत पडऩे उनकी मदद की जाएगी। उत्तन में हुए हादसे से प्रभावित घरों के परिवारों को घरकुल योजना के तहत घर उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा ताकि जर्जर मकानों या भवनों में रहनेवाले निवासियों को यथाशीघ्र विस्थापित किया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार नीलेश गौड, उत्तन पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक प्रकाश मसाल, पूर्व नगरसेवक व स्थानीय नागरिक और पत्रकार उपस्थित रहे।

# लापरवाही से वाहन चलानेवालों के कटे चलान

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : काशीमीरा ट्रैफिक पुलिस ने करीब ३ माह में ३७४ गैर जिम्मेदार, लापरवाह सीसीटीवी फुटेज में कैद वाहन चालको पर कारवाई की है। संपूर्ण मीरा भायंदर शहर को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में लाने के लिए महानगरपालिका द्वारा भायंदर पश्चिम में फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निर्माण किया गया है। २२ अप्रैल २०२३ से यह नियंत्रण कक्ष कार्यान्वित है। शहर में सभी प्रमुख स्थानों, सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया मनपा द्वारा किया जा रहा है। भायंदर पश्चिम के कंट्रोल रूम का उपयोग कर ऑनलाइन पद्धति से सार्वजनिक रोड पर चलने वाले वाहन चालकों की जांच की जा रही है। वाहन चालकों में अनुशासन लाने के लिए गैर जिम्मेदार कसूरवार वाहन चालकों पर यातायात विभाग के द्वारा कार्रवाई चालू की गई है । कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से काशीमीरा यातायात विभाग ने २२ अप्रैल २०२३ से आज तक कुल ३७४ अनुशासनहीन वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यातायात विभाग ने सभी नागरिकों से आवाहन किया है कि आप सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में है। मोटर वाहन एक्ट की ऑनलाइन होने वाली कारवाई से बचने के लिए यातायात नियमों का कडाई से पालन करें।

# मनपा में जगह है खाली फिर भी बेरोजगार है परेशान

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : मीरा भायंदर महानगरपालिका में रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को प्राधान्य देते हुए शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग मनसे ने की है। मीरा – भायंदर शहर मनसे जिलाध्यक्ष अविनाश जाधव व सचिन पोवले के मार्गदर्शन में सह सचिव गणेश बामने ने राज्य के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित मनपा आयुक्त दिलीप ढोले को दिए लिखित पत्र में मांग की है की मनपा में शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दें। बामने ने अपने पत्र में लिखा है की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्कूल और स्वास्थ्य सेवा में सुधार पर जोर देने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य के सभी क और ड संवर्ग के महानगरपालिकाओं ,स्थानिक स्वराज्य संस्थाओं में भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं, लेकिन इस पर मीरा भायंदर महानगरपालिका प्रशासन ने अभी तक अमल नहीं किया है। राज्य सरकार ने महानगरपालिकाओं में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए आवेदन, चयन हेतु टीसीएस और आईबीपीएस नामक दो कंपनियों को नियुक्त किया है और हमने अपने प्रस्ताव उन्हें भेज दिए हैं। अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर ने कहा है.

# अपराधियों को किया तडीपार

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड** : एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय जोन १ के ६ पुलिस थानों से ९ अपराधियों को एमएमआर रीजन के चार जिलों मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ से तड़ीपार किया गया है। ७ अपराधियों के मामले न्यायाधीन और उनके गतिविधियों की जांच शुरू होने की जानकारी डीसीपी जयंत बजबले ने दी है। डीसीपी बजबले ने बताया की वर्ष २०२३ में जोन– १ अंतर्गत के ६ पुलिस थानों से कुल १६ अपराधियों को तड़ीपार करने के प्रस्ताव उनके पास आए थे। इसमें जिन के नामों का समावेश है उनके ऊपर पहले से २ से अधिक आपराधिक मामले, चैप्टर केस आदि दर्ज हैं। इसके बावजूद उनके आपराधिक गतिविधियां जारी थे। ऐसे ९ अपराधियों को बॉम्बे पुलिस एक्ट ५६, ५७ के तहत चार जिलों से अन्यत्र चले जाने का आदेश दिया गया है।

# मनपा करेगी विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर**: केंद्र सरकार के मार्गदर्शक सूचना के अनुसार मेरी मिट्टी मेरा देश उपक्रम – अंतर्गत मीरा–भायंदर महानगरपालिका ९ से २० अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी. वसुधा वंदन अंतर्गत भारतीय प्रजाति के ७५ पौधे लगाए जाएंगे. देशभक्ति की भावना प्रेरित करने के लिए मनपा कार्यालय प्रांगण, स्कूल में मेरी मिट्टी मेरा देश की पंचप्राण शपथ लेने के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. साथ ही मनपा क्षेत्र के बचत गट के माध्यम से मिट्टी यात्रा के लिए दीप तैयार करवाए जाएंगे. मेरी मिट्टी– मेरा देश उपक्रम की प्रसिद्धि के लिए शहर में जगह–जगह होर्डिंग, मॉल, मार्केट परिसर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन तथा सोशल मीडिया के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा. मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने नागरिकों से इस उपक्रम में सहभागी होने का आह्वान किया है

# ठाणे के कॉलेज में तालिबानी अत्याचार ! एनसीसी छात्रों को मिली अघोरी सजा



**मुंबई** : ठाणे के जोशी–बेडेकर कॉलेज में एनसीसी छात्रों पर तालिबानी अत्याचार किया गया है। जानकारी के अनुसार, जमा हुए बारिश के पानी में इन छात्रों को झुकाया गया और उनके सिर को डूबाकर खड़े रहने की अघोरी सजा दी गई। सबसे चौंकानेवाली बात यह कि इस दौरान एक सीनियर छात्र उनकी पीठ पर डंडे बरसाता भी नजर आया। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हंगामा मच गया है। जोशी–बेडेकर कॉलेज परिसर में बांदोडकर, बेडेकर व पॉलिटेक्निक इन तीनों विभागों के छात्रों को संयुक्त रूप से एनसीसी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को आर्मी और नेवी के लिए प्री–ट्रेनिंग की शिक्षा दी जाती है। इस प्रशिक्षण के दौरान यदि छात्र कोई गलती करते हैं, तो उन्हें सजा भी दी जाती है। लेकिन इस कॉलेज में अमानवीय सजा दिए जाने की जानकारी सामने आई है। कॉलेज में कल भारी बरसात में एनसीसी की ट्रेनिंग शुरू की गई थी। इन छात्रों को जमा हुए बारिश के पानी में झुकाकर खड़ा किया गया और उन्हें अपने मुंह को पानी में डुबोकर खड़े रहने की सजा दी गई। इस बीच यदि कोई छात्र अपना मुंह पानी से बाहर निकालता, तो उसके सीनियर उसे पीछे से लकड़ी के डंडे से बेरहमी से पीटते थे। इससे छात्र तड़पने लगते थे। मारपीट करनेवाले सीनियर छात्रों का कॉलेज में इतना खौफ है कि जूनियर छात्र उनके सामने मुंह तक नहीं खोल रहे हैं। इतना ही नहीं उनके माता–पिता भी शिकायत करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं, लेकिन कॉलेज में एक बुद्धिमान छात्र ने बहादुरी से इस घटना को अपने मोबाइल फोन में शूट किया तब इस तालिबानी अत्याचार का भंडाफोड़ हो सका। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जोशी–बेडेकर कॉलेज की प्रिंसिपल सुचित्रा नाईक ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने यह कहा कि कॉलेज प्रशासन इस तरह का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही पिटाई करनेवाले छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी उन्होंने दी है।

एनसीसी के हेड सीनियर छात्र ही होते हैं। लेकिन इस तरह का व्यवहार बहुत ही घृणित है। इससे एनसीसी की ओर से किए गए अच्छे कार्य भी दब गए हैं। यह वाकया शिक्षकों की अनुपस्थिति में हुआ है। संबंधित छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसा होने से रोकने के लिए हम एक समिति का गठन कर रहे हैं। छात्रों को घबराना नहीं चाहिए और एनसीसी छोड़ने के बारे में भी नहीं सोचना चाहिए।

–सुचित्रा नाईक, प्राचार्य, जोशी–बेडेकर कॉलेज



















## लापता



नाम – अशोक वोरीलाल जैन
उम्र– ६२
ग्राम–बलराई
वर्तमान पता – मीरा रोड
मीरा रोड से १ जुलाई से लापता, यदि आपके पास कोई जानकारी हो तो कृपया ९८६७९४५९२९ पर संपर्क करें




















## अरविंद उपाध्याय बने राष्ट्रीय संगठन मंत्री

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय से पंजीकृत संस्था शिक्षादान अभियान फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने भायंदर के युवा समाजसेवी अरविंद उपाध्याय को संस्था का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया है।



उपाध्याय को दिए गए नियुक्ति-पत्र में कहा गया है कि उनकी सामाजिक सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा रही है। उपाध्याय का कहना है कि वे दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरे मनोयोग तथा समर्पित भावना के साथ करेंगे। वे राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय संरक्षक भी हैं। धर्म के प्रति अटूट आस्था रखने वाले अरविंद उपाध्याय पिछले २५० सप्ताह से लगातार सुंदरकांड पाठ का आयोजन करते आ रहे हैं। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाए जाने पर अनेक सामाजिक संस्थाएं, पत्रकारों और राजनीति से जुड़े लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उपाध्याय को बधाई दी है।

## शातिर चोर शोएब हनीफ खान गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड** : मीरारोड क्राइम ब्रांच की पुलिस टीम ने मुंब्रा कौसा से एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार चोर का नाम शोएब हनीफ खान सरगुरु है। यह २००८ से चोरी और छिनैती के अपराध में संलिप्त है। इसके ऊपर मुंबई, ठाणे पुलिस में ६ अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने शोएब के पास से ७ मोबाईल फोन, १ चाकू और चोरी - छीनैती में इस्तेमाल किए गए एक मोटरसाइकिल और नगदी बरामद की है। पुलिस की पूछताछ में शोएब ने मीरा -भायंदर, वसई, विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत २ और ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय कार्यक्षेत्र में ७ ऐसे कुल ९ अपराध स्वीकार किए है। मीरा रोड पुलिस ने हेमंत गोपाल गिजे की शिकायत पर आरोपी की तलाश शुरू की थी। हेमंत ने पुलिस में दर्ज कराए अपनी शिकायत में कहा था कि वह मीरा रोड के रामदेव पार्क में रहता है। ३० जुलाई को शाम के ४.४० बजे जब वह अपनी पत्नी भाविका और लड़के ध्रुव के साथ रिक्शे से काशीमीरा की दिशा में जा रहा था। उस समय एस के स्टोन के पास स्थित कुसुम रोल्स की सिग्नल पर बस स्टॉप के पास रिक्शा के पीछे से दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर आकर उसकी पत्नी भाविका का हैंडबैग जबरदस्ती छीन कर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में मीरारोड क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मामले की जांच मीरारोड क्राइम ब्रांच के पुलिस उपनिरीक्षक किरण बंजारी कर रहे हैं।

## रोहिदास पाटिल इंजीनियरिंग कॉलेज के सहयोग से शिबिर सम्पन्न

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर संचालित प्रवीण रोहिदास पाटिल इंजीनियरिंग कॉलेज में राजस्व सप्ताह के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के राजस्व एवं वन विभाग के अंतर्गत अपर तहसीलदार कार्यालय, मीरा भायंदर और प्रवीण रोहिदास पाटिल इंजीनियरिंग कॉलेज के सहयोग से एक दिवसीय सरकारी प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शंकर नारायण एजुकेशन ट्रस्ट, भायंदर।, दिनांक ०२




अगस्त २०२३, बुधवार प्रात: १०.०० बजे से अपराह्न तक। ०५.०० बजे तक पूरा हो गया। युवा संवाद के माध्यम से युवाओं तक सरकारी गतिविधियों की जानकारी पहुंचाने और सरकारी योजनाओं से समाज को मिलने वाले लाभ के बारे में जनजागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से उक्त सरकारी गतिविधि प्रवीण पाटिल हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. शिविर में श्री शंकर नारायण एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित तीनों कॉलेजों के विद्यार्थियों और मीरा भयंदर क्षेत्र के अभिभावकों ने इस अवसर का लाभ उठाया। संस्था के अध्यक्ष श्री. रोहिदासजी पाटिल, सचिव श्री. महेशजी म्हात्रे, ट्रस्टी श्री. भूषण पाटिल, सीईओ श्रीमती रंजना पाटिल एवं प्राचार्य डॉ. यह अतुल केमकर और तलाथी और अपर तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। श्री। विकास गजरे, उपविभागीय अधिकारी, ठाणे एवं श्री. नीलेश गौंड - अपर तहसीलदार, श्रीमती। स्मिता गुरव मैडम - नायब तहसीलदार, मीरा भाईंदर के मार्गदर्शन में किया गया।

## ७ दिनों में भर देंगे मुंबई की सडक़ों के गड्ढे!

मुंबई: महानगर में सड़कों के गड्ढे भरने के लिए बीएमसी नई-नई तकनीक अपना रही है, लेकिन अब तक अपनी योजना में बीएमसी सफल नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सड़कों के गड्ढों की लगातार आ रही शिकायत के बाद बीएमसी कमिश्नर आई.एस. चहल को आदेश दिया है कि जल्द से जल्द गड्ढे भरे जाएं। बीएमसी सूत्रों के मुताबिक, चहल ने सीएम से वादा किया है कि एक सप्ताह के भीतर सड़कों के गड्ढे भर दिए जाएंगे। वहीं रविवार को पश्चिम उपनगर में सड़कों के गड्ढों का जायजा लेने गए उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने सोमवार को इस मुद्दे पर बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त (प्रॉजेक्ट) पी. वेलरासू से मुलाकात की। लोढ़ा ने भी सड़कों के गड्ढों की वजह से नागरिकों को हो रही परेशानी से अवगत कराया और जल्द से जल्द गड्ढे भरने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शिंदे ने कमिश्नर चहल को साफ निर्देश दिया कि गड्ढों के कारण यातायात प्रभावित नहीं होना चाहिए। बीएमसी प्रशासन को मुंबई में सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए। सीएम के निर्देश के बाद बीएमसी प्रशासन हरकत में आ गया। वेलरासू ने आदेश दिया कि सड़कों के गड्ढे भरने के लिए सभी २४ वॉर्डों में टीम बनाई जाए। प्रत्येक वॉर्ड में असिस्टेंट कमिश्नर गड्ढे भरने के काम के दौरान नोडल ऑफिसर के रूप में कार्य करेंगे। डिविजनल रोड इंजिनियर और एग्जिक्यूटिव इंजिनियर काम रिपोर्ट देंगे।

## मरीजों की भीड.बढी, अस्पताल फुल

वसई, वसई विरार शहर में मूसलाधार बारिश थम गई है। हालांकि,बारिश हो रही। लेकिन,रुक-रुक कर वह भी मूसलाधार नहीं है। इसी बीच वसई विरार शहर महानगर पालिका के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइन देखी जा रही है। सिर्फ दो दिन (सोमवार - गुरुवार ) में वसई विरार शहर महानगर पालिका के विजयनगर अस्पताल में १२०० से अधिक में विभिन्न (बुखार,सर्दी खांसी,त्वचा संक्रमण व दमा ) मरीज दवा उपचार के लिए आए थे। अस्पताल में विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीज आ रहे हैं। जबकि प्राइवेट अस्पतालों पर भी काफी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में पर्ची काउंटर पर गर्मी के मौसम में मरीज व तीमारदार की लंबी लाइन लग रही है। इसमें बच्चे और ५० वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या अधिक है। लोग जुकाम, बुखार, खांसी, मलेरिया, डायरिया, एलर्जी के शिकार हो रहे हैं। लोग जुकाम, बुखार, खांसी, मलेरिया, डायरिया, एलर्जी के शिकार हो रहे हैं।






## डेंगू-मलेरिया-लेप्टो का फैला आतंक! दो से तीन गुना बढ़े रोगी

मुंबई : मुंबई मनपा की ओर से तमाम तैयारियों के बावजूद मौसमी बीमारियां कंट्रोल से बाहर होती जा रही हैं। शहर में डेंगू, मलेरिया, लेप्टो और स्टमक फ्लू जैसे रोग का आतंक तेजी से बढ़ रहा है। इन रोगों से त्रस्त मुंबईकर पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं। ऐसे में मौजूदा स्थितियों को देखते हुए यह साफ दिखाई दे रहा है कि मौसमी बीमारियों से मुंबई मनपा हार गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने की तुलना में इस माह



बीमारियों का ग्राफ दो से तीन गुना बढ़ गया है। मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक १ जुलाई से ३० जुलाई के बीच मलेरिया के ७२१, डेंगू के ५७९, स्टमक फ्लू के १,६४९, लेप्टो के ३७७, स्वाइन फ्लू के ८६, चिकनगुनिया के २४ और हेपेटाइटिस के १३८ मामले दर्ज किए गए हैं। मनपा की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने बताया कि इस साल मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनके शिकार मरीजों को ओपीडी बेसिस पर इलाज कर ठीक किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ५६ शिविर आयोजित किए गए, जिसमें संदिग्ध मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया गया। डॉ. शाह ने बताया कि रिपोर्टिंग यूनिट की संख्या २२ थी, जो अब बढ़कर ८८० हो गई है। इनमें मनपा दवाखाना, अस्पताल, हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना, अतिरिक्त निजी लैब और निजी अस्पताल शामिल हैं। इन यूनिट्स के माध्यम से स्क्रीनिंग और ट्रेसिंग किए जाने से मरीजों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है।

## तलवार से हमला करने वाले दो आरोपी को तुलिंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

वसई : तलवार से जानलेवा हमला करने वाले फरार दो आरोपी को २४ घंटे के अंदर तुलिंज पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई परिमंडल-२ के डीसीपी पौर्णिमा चौगुले-श्रींगी व एसीपी विनायक नरले के मार्गदर्शन में तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नगरकर व पुलिस निरीक्षक (अपराध) अमरसिंह पाटील के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन स. पो.नि.एम.डी.म्हात्रे की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि नालासोपारा-पूर्व के प्रगति नगर क्षेत्र में शिकायतकर्ता हुसैन अब्दुल रहमान शेख के साथ जुलूस के दौरान हुए विवाद से नाराज होकर आरोपी ने कई लोगों के साथ आकर रात को लगभग १ बजे तलवार से हुसैन के ऊपर हमला कर दिया। पीड़ित हुसैन ने तुलिंज थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था। पुलिस ने आरोपियों पर कलम ३०७, ३२६, ३२४, ५०४, १४१, १४३, १४४, १४८, १४९ व आर्म एक्ट कलम ४,२५ तथा सह मपोका कलम १३५ के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने सीसी टीवी के आधार पर २४ वर्षीय आरोपी को विरार-पश्चिम व २१ वर्षीय आरोपी को वसई-माणिकपुर से हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज होने के २४ घंटे के अंदर ही गिरफ्तारी करके आगे की जांच की जा रही है।

## मुंबई में बीएमसी अधिकारी पर स्याही फेंकने के आरोप में कांग्रेस के पांच कार्यकर्ता गिरफ्तार

मुंबई : मुंबई में भ्रष्ठाचार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान उपनगरीय देवनार में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अभियंता पर स्याही फेंकने के आरोप में शनिवार को कांग्रेस के पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। देवनार पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस ने दिन के दौरान एम ईस्ट वार्ड सहित सभी बीएमसी वार्डों में विरोध मार्च आयोजित किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, ३३ बीएमसी अभियंता अनिल जाधव से उनके कार्यालय में बात करते समय, विरोध करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं में से एक, आरिफ सै-यद ने जाधव पर स्याही फेंक दी और उन्हें धमकी दी। इसके बाद बीएमसी के सुरक्षाकर्मियों ने सै-यद और उनके सहयोगियों को पकड.लिया।

### MIRA BHAINDAR MUNICIPAL CORPORATION

Indira Gandhi Bhavan, Chattrapati Shivaji Maharaj Marg,
Bhaindar (W), Tal. Dist- Thane
**Solid Waste Management Department**

MBMC/SWM/357/2022-23 DT.03/08/2023

### RE TENDER NOTICE

Mira Bhaindar Municipal Corporation through this RFP intends to appoint a consultant for providing assistance in the implementation of SWM RULES, and support MBMC for participating in Swachh Survekshan. MBMC thereof invites online bids from firms having experience as envisaged in the Request for Proposal (RFP) document. (Tender Estimated amount is Rs. 25.00 Lakhs)

The RFP document and other relevant document will be available & submit the tender dully filled on https:\\mahatenders.gov.in from Dt: 04/08/2023 to Dt: 18 /08/ 2023 till at 01.00 P.M.Tenders will be opened on Dt:21/082023 at 3.00 P.M.

| Name of the Tender | Tender form fee | Earnest money deposit | Availability of Tender form & Submission | Online Tender Opening |
|---|---|---|---|---|
| Consultant for Assistance in implementation of SWM RULES, and support MBMC for participating in Swachh Survekshan | Rs. 5,900/- (Tender Fee Fee + GST) | Rs. 50,000/- | Dt.04/08/ 2023 to Dt. 18/08/ 2023 Upto 1.00 P.M | Dt.21/08/ 2023 at 3.00 P.M |

Ref No. MBMC/PRO/275/2023-24
Date : 03/08/2023

sd/-
(Ravi Pawan
Dy. Commissioner (SWM)
Mira Bhaindar Municipal Corporation

### ठाणे महानगरपालिका, ठाणे

**जाहीर आवाहन**

**ठाणे महानगरपालिका गणेशोत्सव २०२३ मार्गदर्शक सुचना**

वर्षभरातील सर्व सण व उत्सव पर्यावरणपुरक साजरे करण्यासाठी केंद्रिय प्रदूषण नियंत्रण मंडळाने दिनांक १२.०५.२०२० रोजी मार्गदर्शक सुचना अधिसूचित केल्या असून पर्यावरण व वातावरणीय बदल विभाग यांच्या निर्देशानुसार “गणेशोत्सव सन २०२३ रोजीच्या मार्गदर्शन सुचना” तयार करण्यात आल्या असून, त्या खालील प्रमाणे आहेत.

१. घरगुती श्री गणेशमूर्तीची उंची ४ फुटांपर्यंत असावी. तसेच घरगुती गणपती मूर्ती शाडू किंवा अन्य पर्यावरणपुरक साहित्यानेच घडविणे बंधनकारक आहे.

२. सर्व घरगुती श्री गणेश मूर्तीचे विसर्जन कृत्रिम तलावात/खाडीमध्ये/रहिवासी संकुलात करणे अथवा मूर्ती स्विकृती केंद्रामध्ये देणे बंधनकारक आहे.

३. गणेशमूर्तीकारांना मूर्ती घडविण्यासाठी मंडप उभारण्यासाठी प्रभाग कार्यालयामार्फत परवानगी देण्यात येईल.

४. गणेशमूर्ती साठवणूकदारांनी देखील प्रभाग कार्यालयामार्फत परवानगी घेणे बंधनकारक राहील.

५. शाडू / पर्यावरणपुरक साहित्याने मूर्ती घडविणाऱ्या मूर्तीकारांना यावर्षी प्रायोगिक तत्त्वावर उपलब्धतेनुसार महानगरपालिकेची जागा 'प्रथम येणाऱ्यास, प्रथम प्राधान्य' या तत्त्वावर नि:शुल्क उपलब्ध करुन देण्यात येईल. त्यासाठी त्यांनी अर्ज करणे बंधनकारक राहील. तसेच उपलब्धतेनुसार शाडू माती देखील नि:शुल्क देण्यात येईल.

६. शाडू / पर्यावरणपुरक साहित्याने मूर्ती घडविणाऱ्या मूर्तीकारांनी जागेसाठी अर्ज केल्यास ते स्वत: मुर्तीकार असणे बंधनकारक आहे. तसे हमीपत्र त्यांनी सादर करणे आवश्यक आहे.

७. शाडू माती / पर्यावरणपुरक साहित्याने मूर्ती घडविणाऱ्या मूर्तीकारांना या वर्षासाठी प्रायोगिक तत्त्वावर महानगरपालिकेतर्फे नि:शुल्क उपलब्ध करुन देण्यात आलेली जागा, नवरात्री उत्सवाच्या समाप्तीपर्यंत मर्यादीत कालावधीसाठी देण्यात येणार आहेत. सदर कालावधीच्या समाप्तीनंतर जागा पुनःश्च महानगरपालिकेच्या ताब्यात देण्यात यावी.

८. शाडू / पर्यावरणपूरक साहित्याने मूर्ती घडविणारे मूर्तीकार / साठवणूकदार यांनी ते 'शाडू / पर्यावरणपूरक साहित्याने मूर्ती घडविणार / साठवणार' असल्याबाबतचे हमीपत्र महानगरपालिकेला देणे बंधनकारक आहे.

९. शाडू / पर्यावरणपुरक साहित्याने मूर्ती घडविणाऱ्या मूर्तीकारांनी त्यांच्या मंडपाबाहेर 'येथे पर्यावरणपूरक साहित्याने घडविलेल्या मूर्ती उपलब्ध आहेत' अशा आशयाचा ३' X ५' एवढ्या आकाराचा फलक लावणे बंधनकारक आहे.

१०. मूर्तीकार / साठवणूकदार सन २०२३ च्या आगामी गणेशोत्सवासाठी किती मूर्ती घडविणार / साठविणार आहेत, याची माहिती महानगरपालिकेला सादर करतील. ऊंची चार फुटांपर्यंतच्या घरगुती / सार्वजनिक सर्व मूर्ती शाडू / पर्यावरणपूरक साहित्याने घडविणे बंधनकारक आहे. यास्तव ते २०२३ मध्ये ४ फुटांपर्यंतच्या किती मूर्ती घडविणार / साठविणार आहेत याची माहिती, याशिवाय जर सन २०२३ मध्ये ४ फुटांपेक्षा जास्त उंचीच्या मूर्ती घडविणार / साठविणार असल्यास, त्यापैकी किती मूर्ती शाडू / पर्यावरणपूरक साहित्याने व किती मूर्ती पी.ओ. पी. पासून घडविणार/साठविणार आहेत याची माहिती देखील ठाणे महानगरपालिकेच्या संबंधित विभाग कार्यालयात सादर करतील.

११. मूर्तीकारांनी शाडू / पर्यावरणपुरक साहित्याने घडविलेल्या मूर्तीच्या पाठीवर उजव्या खांद्याच्या जागी हिरव्या रंगाचे एक इंच एवढ्या आकारमानाचे वर्तुळ अशी खूण करावी. तर 'पी.ओ.पी. पासूनच्या मूर्तीच्या पाठीवर उजव्या खांद्याच्या जागी लाल रंगाचे एक इंच एवढ्या आकारमानाचे वर्तुळ अशी खूण करावी. साठवणूककर्त्यांनी देखील ते साठवणूक करत असलेल्या मूर्तीच्या पाठीवर उजव्या खांद्याच्या जागी पर्यावरणपुरक किंवा पी.ओ.पी. साहित्याशी संबंधित असलेल्या रंगाचे वर्तुळ केलेले असेल याची खबरदारी घ्यावी. महानगरपालिकेच्या विभाग कार्यालयाचे पथक त्याची प्रत्यक्ष भेट देऊन पाहणी/ पडताळणी करतील.

- पुजा व उत्सव साजरे करण्या-या मंडळांनी उपरोक्त सुचविलेल्या पर्यावरणपुरक बाबीचा वापर करावा.
- रंगासाठी हळद, चंदन, गेरुचा वापर करावा.
- पुजेसाठी फुले, वस्त्र, इ. पुजासाहित्य पर्यावरणपुरक असावे.
- काच, धातूपासून बनविलेल्या ताट-वाट्यांचा वापर करावा.
- प्लेटसाठी केळी व इतर पानाच्या पत्रावळीचा वापर करावा. एकवेळ वापराचे प्लास्टिक प्लेट, साहित्य वापरू नये.
- पुजा व उत्सव मंडळाने स्थानिक स्वराज्य संस्थेने परवानगी दिलेल्या मूर्तीकार/साठवणूकदार यांचेकडुन मूर्ती प्राप्त कराव्यात.
- पूजा मंडळांनी स्थानिक स्वराज्य संस्थांकडून परवानगी घेऊनच व मूर्ती विर्सजनाचा आराखडा देऊन एक महिना पूर्व-परवानगी प्राप्त करावी.

१२. शाडू/पर्यावरणपूरक साहित्याने मूर्ती घडविण्याचे/साठविण्याचे वेळोवेळी देण्यात आलेले निर्देश सन २०२३ च्या नवरात्रौत्सवादरम्यान देखील लागू राहतील व त्यासाठी स्वतंत्र निर्देश / परिपत्रक / जाहिरात देण्यात येणार नाही.

१३. सन २०२३ च्या सार्वजनिक उत्सवांसंदर्भात वेळोवेळी देण्यात आलेल्या निर्देशांचे उल्लंघन झाल्यास 'पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, १९८६ मधील तरतुदीनुसार संबंधित कारवाईस पात्र ठरतील.

(मा.आयुक्त सो यांच्या मान्यतेने)

ठामपा/पिआरओ/प्र.नि.क/५००/२०२३-२४ **सही**/-
दि:०४.०८.२०२३ (प्रशांत रोडे)
**plsvisitourofficialweb-site** अतिरिक्त आयुक्त (२)
**www.thanecity.gov.in** ठाणे महानगरपालिका,ठाणे

**मतदान केंद्रस्तरीय अधिकारी येत आहेत तुमच्या घरी,**
**आता मतदार यादीत दुरूस्ती करुन घेणं ही आपली जबाबदारी.. !**

# देश के सुरक्षित भविष्य के लिए समान नागरिक कानून जरूरी : खंडेलवाल

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। १४४ करोड.लोगों के भारत का भविष्य यदि हम सुंदर और सुरक्षित बनाना चाहते है तो देश में समान नागरिक संहिता को लागू किया जाना ही चाहिए। पंथ निरपेक्ष भारत का संविधान जब समानता की बात करता है तो कई कानूनों के माध्यम से किसी वर्ग विशेष के लिए उसे विशेषाधिकार कैसे प्रदत्त हो सकते है । संविधान की भावना सर्व धर्म सम्मान के लिए भी नागरिक संहिता भी तो समान होनी चाहिए । नरेंद्र मोदी विचार मंच यह बात भायंदर में नरेंद्र मोदी विचार मंच के तत्वाधान में आयोजित इस विषय पर आयोजित संगोष्टी में मुख्य वक्ता तथा समारोह के अध्यक्ष वरिष्ट पत्रकार कन्हैयालाल खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि जब विश्व के कई




देश यथा अमेरिका, आयलैंड, पाकिस्तान,बांग्लादेश मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान, इजिप्ट आदि में भी ऐसे कानून लागू है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के भाग ४ के अनुच्छेद ४४ में भी है। गोष्टी में नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय सचिव व्यास कुमार रावल ने अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता के निर्देशक तत्वों पर प्रकाश डाला। विचार मंच के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तरुण शर्मा ने कानूनी पहलुओं को समझाया। महामंत्री गोरांग शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर वरिष्ट नगरसेवक मदनसिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा आदि भी मंच पर उपस्थित थे । वरिष्ट पत्रकार देवेंद्र पोरवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# पुलिस निरीक्षक मंगेश अंधारे ने साइकल चलाकर ८५२ किमी की यात्रा तय की

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा- भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय से जुडे.पुलिस निरीक्षक मंगेश अंधारे ने हाल ही में साइकिल चलाकर समुद्र तल से १९,०२४ फीट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे उमलिंग-ला दर्रे तक पहुंचने का साहसी मिशन पूरा किया. भायंदर पश्चिम के उत्तन सागरी तटीय पुलिस स्टेशन मैं कार्यरत महाराष्ट्र के अकोला जिले के मूल निवासी अंधारे देश के विभिन्न हिस्सों से आई ५३ सदस्यीय टीम का हिस्सा थे, जिन्होंने यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में साइकिल मिशन में भाग लिया था. देशभक्ति अभियान १३ जुलाई को लेह से शुरू हुआ और २७ जुलाई को समाप्त हुआ. इस मिशन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करना और फिटनेस को बढावा देना था. ८५२ किमी की तय की दूरी साइकिल चालकों ने ठंडे तापमान, कम ऑक्सीजन स्तर, बारिश और धूल भरी आंधी सहित प्रतिकूल परिस्थितियों में ८५२ किमी की दूरी तय की. पूर्वी लद्दाख में उमलिंग-ला दर्रे से गुजरने वाली सडक़ माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप से अधिक ऊंचाई पर है, जो भारत-चीन सीमा के करीब चिसुम और डेमचोक गांवों को जोडत़ी है. अंधारे ने पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे सहित सभी का आभार व्यक्त किया.




# कजरी महोत्सव का आयोजन संपन्न जनता का उमडा जनसैलाब



**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : सामाजिक सांस्कृतिक संस्था अभियान के कजरी महोत्सव के दूसरे दिन मीरा भायंदर का लता मंगेशकर सभागृह भोजपुरी की कजरी के संग गढव़ाली, राजस्थानी व मराठी के गीतों का साक्षी बना. बुधवार को पीएम मोदी के एक भारत श्रेष्ट भारत संकल्पना को समर्पित कजरी महोत्सव व स्त्री शक्ति सम्मान समारोह अविस्मरणीय रहा. जब मराठी की गायिका ब्रह्मानंदा पाटणकर ने भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक बालेश्वर के अंदाज में भोजपुरी गीत प्रस्तुत किए. अयोध्या से आई भोजपुरी की लोक गायिका संजोली पांडेय ने गुजराती गरबा गीत गाया तो देश की विभिन्ता में एकता का दृश्य दिखा, तो दूसरी और भोजपुरी अवधी की गायिका संजोली की कजरी के साथ उत्तराखंड के प्रसिद्ध गायक बी के सामंत के 'थल की बाजार' कुमाऊनी गाने की जुगलबंदी ने समारोह को एक अलग ऊंचाई प्रदान की. अभियान के आयोजन को तब चार चांद लग गए, जब शहीद कौस्तुभ राणे की वीरमाता ज्योति राणे स्त्री शक्ति सम्मान लेने मंच पर चढ.रही थी और खचाखच भरे हॉल के लोग उनके अभिवादन के लिए खडे.होकर तालियां बजा रहे थे. अभियान के संस्थापक अमरजीत मिश्र ने शहीद कौस्तुभ राणे के माता पिता का सम्मान किया. पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने लोक संस्कृति को जिंदा रखने के लिए इस तरह के महोत्सव की आवश्यकता बताई. कार्याध्यक्ष संतोष दीक्षित ने अतिथियों का स्वागत. भाजपा के नये जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता शैलेश पांडेय, नगरसेवक मनोज दुबे, वंदना भवसार, हेतल परमार, मनोज सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह गोसाई, राकेश सिंह, विष्णुजीत पांडेय आदि लोग उपस्थित थे. संचालन ब्रजेश तिवारी ने किया. गोरेगांव के गोकुलधाम से शुरू हुआ कजरी महोत्सव अपने उफान पर है. इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे.

# प्रताप सरनाईक की मेहनत से किन्नरों को मिलेगी सुविधाएं

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : पुणे महानगरपालिका की तर्ज पर राज्य के अन्य जिला परिषद, नगरपरिषद, महांगरपालिकाओं सहित अब पुलिस दल में सुरक्षा रक्षक के रूप में किन्नरों की भर्ती की जायेगी। समाज में किन्नरों (तृतीय पंथी) को भी सम्मान से जीने का अवसर मिले। इसके लिए किन्नरों की विभिन्न मांगो पर विधायक प्रताप सरनाईक ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा था। इस पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सकारात्मक व विस्तृत जानकारी सदन को दी। मुख्यमंत्री शिंदे ने अपने जवाब में बताया की सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों को उनके यहां के सभी पदों पर भर्ती के आवेदन पत्र पर लिंग के पर्याय में पुरुष, स्त्री की तरह तृतीयपंथीय पर्याय उपलब्ध कर देना अनिवार्य किया गया है। पुलिस भर्ती में उनके शारीरिक योग्यता की जांच में शिथिलता लाकर उन्हें भर्ती किया जाएगा। ट्रेन में उनके लिए स्वतंत्र बोगी उपलब्ध कराने के लिए रेल मंत्रालय से निवेदन किया गया है। तृतीयपंथीयों के लिए नागपुर में ९ मंजिली तीन इमारत का निर्माण किया जाएगा। जिसमें २५२



फ्लैट होंगे, जिन्हें सस्ते दरों पर किन्नरों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण देकर रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। तृतीयपंथियो को भी अच्छे से जीवनयापन की सुविधा मिले इसके लिए प्रत्येक विभागीय स्तर पर एक आधार आश्रम योजना शुरू प्रस्तावित होने की जानकारी भी मुख्यमंत्री ने दी। सार्वजनिक बांधकाम विभाग द्वारा तृतीय पंथियों के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्र शौचालय की सुविधा उपलब्ध कर दी जाएगी ।साथ ही उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा योजना का लाभ देने के लिए उनके पात्रता के अनुसार योग्य राशन कार्ड भी दिए जाएंगे। इसके अलावा तृतीयपंथियों के सर्वेक्षण, पंजीयन करने पहचान पत्र, मतदाता पहचान पत्र देने, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से की जा रही है। राज्य के तृतीय पंथियों के कल्याण के लिए व उनके अधिकार के संरक्षण के लिए तृतीय पंथियों के कल्याण मंडल को वर्ष २०२३ - २४ के बजट में १५ करोड़ रुपए की निधि निर्धारित किए जाने की जानकारी भी मुख्यमंत्री शिंदे ने दी। तृतीय पंथीय समाज को न्याय देने के लिए विधायक सरनाईक ने मुख्यमंत्री शिंदे का आभार व्यक्त किया।

# अवैध तरीके के घरों में चल रहा जिस्मफरोशी का व्यवसाय

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** मीरा भायंदर महानगर पालिका ने एमएमआरडीए द्वारा घरकुल योजना में प्राप्त आवासों को बीएसयूपी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को रहने के लिए दिया। इनमें से अनेक लाभार्थियों ने अपने घरों को अवैध तरीके से दूसरों को रहने के लिए दिया है। इन लोगों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी के चलते मूल लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनकी शिकायत के बाद महापालिका उपायुक्त रवि पवार ने एमकेडी नामक इमारत का निरीक्षण किया। उनकी रिपोर्ट के बाद मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने यहां रहने वाले लोगों के नाम नोटिस जारी किया ,जिसके चलते अपने घरों को किराए पर देने वाले लोगों में हड़कंप मच गई है।कुछ महीने पहले इसी इमारत में अवैध रूप से रहने वाली एक बारबला की हत्या हो चुकी है तथा एक राजकीय नेता द्वारा अवैध रूप से किराए पर दिए गए घर में प्रतिबंधित सिरप का जखीरा बरामद किया जा चुका है। इस इमारत के कई घरों में वेश्या व्यवसाय चलाने की बात भी सामने आ रही है। इमारत में कोई सोसाइटी भी नहीं बनी है। आयुक्त द्वारा नोटिस जारी होने के बाद अब यहां व्यापक सुधार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# संपत्ती कर को लेकर आयुक्त ने चंद्रकांत बोरसे का किया सत्कार

**भायंदर।** मीरा-भायंदर महानगर पालिका के कर-विभाग (मुख्यालय) के सहायक आयुक्त चंद्रकांत बोरसे का पुष्पगुच्छ देकर मनपा-आयुक्त दिलीप ढोले, अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर एवं उप-आयुक्त (कर) संजय शिंदे ने संयुक्त रुप से स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हो कि, मनपा आयुक्त दिलीप ढोले के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त (कर) चंद्रकांत बोरसे ने बड़ी ही तन्मयता से सुचारू रूप से दिन-रात एक कर सभी प्रभागों को टेक्स-वसूली के लिए कड़ी मेहनत की। जनता से अपील की ३० जून से पहले हाऊस टेक्स भरने पर ५% प्रतिशत की छूट मिलेगी। साथ ही काऊँटर पर २,०००- (दो हजार रुपये ) के नोट भी स्वीकार किये जायेंगे। साथ ही प्लेस्टोर से मनपा का ऐप डाऊनलोड कर ऑनलाइन हाउस टेक्स भरने की जानकारी नागरिकों को प्रदान की। सहायक आयुक्त चंद्रकांत बोरसे सरकारी अवकाश शनिवार-रविवार के दिन भी ऑफिस में आकर देर रात तक प्रशासन



का काम करते रहे। प्रतिदिन का अपडेट वरिष्ठ अधिकारी लेते रहे और चंद्रकांत बोरसे एवं उनकी टीम का हौसलाअफजाई करते रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त ( कर ) के मार्गदर्शन में क्रमश: प्रभाग क्रमांक १ द्वारा इस वर्ष अब तक का आंकड़ा ९ करोड़ ९५ लाख है। जबकि, प्रभाग क्रमांक २ से ४ करोड़ ८६ लाख रुपये की करवसूली हुई है। इसी प्रकार प्रभाग क्रमांक ३ से १० करोड़ ८३ लाख रुपये की अब तक की वसूली हुई है। प्रभाग क्रमांक ४ द्वारा ३६ करोड़ ८ लाख रुपये की वसूली आंकड़े बता रहे हैं। प्रभाग क्रमांक ५ से कुल ९ करोड़ ८७ लाख रुपये की टेक्स वसूली हुई और प्रभाग क्रमांक ६ द्वारा २४ लाख रुपये की करदाताओं ने टेक्स भरा है। मोबाइल टॉवर द्वारा ४ करोड़ ४१ लाख रुपये की कुल वसूली हुई है। इस तरह कुल टेक्स वसूली १०० करोड़ रुपये की बताई जा रही है। आयुक्त दिलीप ढोले, अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर , संजय शिंदे उप.आयुक्त (कर ) इनके प्लानिंग से और मनपा कर विभाग के अनुभव से ये मालमत्ता कर की वसूली हो रही है। इसमें आयुक्त महोदय दिलीप ढोले, अतिरिक्त आयुक्त मनोरकर , उप-आयुक्त (कर ) संजय शिंदे इनके नियोजन से कर वसूली जारी है और करदाताओ से व्यक्तिगत संपर्क करवसूली में काम आयी है। यह प्रशासन एवं करदाताओं के आपसी सामंजस्य एवं कॉपरेशन का उत्कृष्ट परिणाम है । मनपा के जनसंपर्क अधिकारी राज घरत का भी टेक्स-वसूली को लेकर अच्छा-खासा सहयोग रहा है। ऐसी जानकारी मनपा सूत्रों ने दी है।



**माजी नगरसेवक मदन सिंह द्वारा आरएनपी पार्क श्रीजी पार्क से लेकर चिंतामणि बिल्डिंग , कोली नगर ,अमृतवाणी आश्रम , तथा आशा नगर परिसर के लोगों की शिकायत पर बढे.हुए पेडो़ं की छंटनी वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया गया । वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का बहुत-बहुत धन्यवाद ।**

# राजस्थानी समाज को मिली सौगात विक्रम प्रताप सिंह द्वारा

मीरारोड ।क्षेत्र के अपना घर के समीप निर्मित होने वाले महाराणा प्रताप राजस्थानी समाज भवन के भूमिपूजन का कार्यक्रम का आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। मीरारोड पूर्व के अपना घर के समीप निर्मित होने वाले इस भवन का भूमिपूजन महाराणा प्रताप के वंशज महाराज लक्ष्यराज सिंह तथा ओवला-माजीवाडा के वरिष्ट विधायक प्रताप सरनाईक, राजस्थान के पूर्व मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राजपूत के हाथों होगा। उक्त कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन शिवसेना के मीरा-भायंदर विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष राजू भोईर, संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर कपिल परमार, सुरेंद्र सिंह भाटी व महिपाल सिंह द्वारा आज इस कार्यक्रम की निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया ।कार्यक्रम में रतन भाटी, सुनील जी, चंपा लाल माली जी, राम सिंह दहिया जी, गोपाल सेन जी, गोविंद जी, मिथिलेश, गजेंद्र जी, गणपत जी, जय सिंह, पारस जी, पीयूष जी, भरत जी, मदन जी, मनीष जी, महेंद्र जी,



## आमंत्रण पत्र का भव्य विमोचन

मोहम्मद जी, यशवंत जी, राजेश जी, विक्रम सिंह, वीरा जी, शैतान जी, हरमत जी, हितेश और उदय राज सिंह जी का अहम योगदान रहा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI